No. of Printed Pages : 6

# 6106

Register Number

## Language – Part I – HINDI

Time Allowed : 3.00 Hours ]  [ Maximum Marks : 100

**सूचना :** (1) छपाई की स्वच्छता के लिए प्रश्न पत्र की जाँच करें। यदि स्वच्छता में कोई कमी नज़र आए, तो तुरंत कक्षा पर्यवेक्षक को सूचित करें।

(2) प्रश्नों का उत्तर देने के लिए **नीले** या **काले** स्याही का उपयोग करें।

**Instructions :** (1) Check the question paper for fairness of printing. If there is any lack of fairness, inform the Hall Supervisor immediately.

(2) Use **Blue** or **Black** ink to write and underline.

**भाग - I**
**(15 Marks)**

**सही** उत्तर चुनकर लिखिए। **15x1=15**
Choose and write the **correct** answer.

**1.** कबीरदास की रचनाएँ _________ नामक ग्रंथ में संग्रहित हैं।
(अ) यशोधरा (आ) बीजक (इ) साकेत (ई) पारिजात

**2.** कर्मवीर कविता के कवि _________ हैं।
(अ) मैथिलीशरण गुप्त (आ) माखनलाल चतुर्वेदी
(इ) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (ई) हरिवंशराय बच्चन

**3.** मैथिलीशरण गुप्त का जन्म सन् _________ में हुआ था।
(अ) 1896 (आ) 1886 (इ) 1907 (ई) 1979

**4.** _________ ने वामन के रूप में राजा बलि से तीन पग जमीन माँगा था।
(अ) अर्जुन (आ) शिव (इ) विष्णु (ई) रहीम

**5.** धनी मनुष्य सबसे अधिक _________ नहीं होते हैं।
(अ) ईमानदार (आ) बेवकूफ (इ) बुद्धिमान (ई) डरपोक

**6.** ऊँचे से ऊँचे दर्जे की शिक्षा बिल्कुल _________ है।
(अ) आवश्यक (आ) उपयोगी (इ) बेफायदा (ई) लाभदायक

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

7. ऐसे-ऐसे पाठ __________ है।
(अ) निबंध (आ) कहानी (इ) एकांकी (ई) कविता

8. आज की आवाज़ में थोड़ी __________ थी।
(अ) ख़ुशी की झलक (आ) चिंता की झलक
(इ) रोने की झलक (ई) हँसने की झलक

9. जिससे किसी कार्य का करना या होना पाया जाए, उसे __________ कहते हैं।
(अ) सर्वनाम (आ) क्रिया (इ) संज्ञा (ई) विशेषण

10. क्रिया-विशेषण के __________ भेद हैं।
(अ) चार (आ) दो (इ) पाँच (ई) तीन

11. क्रिया का समय बताने वाले शब्द __________ है।
(अ) द्विकर्मक क्रिया (आ) संज्ञा
(इ) कालवाचक क्रिया-विशेषण (ई) निश्चयवाचक सर्वनाम

12. खिलौनेवाला __________ बच्चों को बहलाता है।
(अ) चिल्लाकर (आ) गाकर (इ) रोकर (ई) बहलाकर

13. दशहरे के दिन __________ का जुलूस निकलनेवाला था।
(अ) राम (आ) माँ काली (इ) रावण (ई) सरस्वती

14. कोटय्या ने मालिक की __________ माँगी।
(अ) मोटरगाड़ी (आ) रेलगाड़ी (इ) मालगाड़ी (ई) बैलगाड़ी

15. वह स्त्री __________ की माता थी।
(अ) कोटय्या (आ) सुशीला (इ) घनश्याम (ई) अमरनाथ

## भाग - II
## (18 Marks)
### अंश - 1

**किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए। 4x2=8
Answer **any four** questions briefly.

16. कबीर ने ईश्वर की महिमा का वर्णन कैसे किया है?

17. मातृभूमि के विविध रूप का परिचय दीजिए।

18. कवि देश की स्थिति के बारे में क्या कहते हैं?

https://www.tamilnaduboard.com

**19.** लोभ से लाभ नहीं, लेखक के शब्दों में समझाइए।

**20.** आत्मनिर्भरता का पाठ बच्चों को क्यों पढ़ाना चाहिए?

**21.** वैद्य ने ऐसे-ऐसे कहकर मोहन के पेट दर्द को कैसे दूर किया?

**अंश - 2**

**किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5x2=10**

Answer **any five** questions.

**22.** सर्वनाम किसे कहते हैं? भेदों के नाम लिखिए।

**23.** गुणवाचक विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण दीजिए।

**24.** सकर्मक क्रिया की परिभाषा देकर उदाहरण लिखिए।

**25.** जातिवाचक संज्ञा की परिभाषा देकर सोदाहरण समझाइए।

**26.** पुरुषवाचक सर्वनाम कितने प्रकार के हैं? नाम बताइए।

**27.** परिणामवाचक क्रिया-विशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण लिखिए।

**28.** सार्वनामिक विशेषण का दूसरा नाम क्या है?

**भाग - III**

**(18 Marks)**

**अंश - 1**

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **2x3=6**

Answer **any two** questions.

**29.** रहीम ने विपदा को क्यों भली माना है?

**30.** मैथिलीशरण गुप्त की प्रमुख रचनाएँ क्या-क्या हैं?

**31.** जीवन में शिक्षण का स्थान क्या है?

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

## अंश - 2

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **34 अनिवार्य** है। **2x3=6**

Answer **any two** questions. Question No. **34** is **Compulsory**.

**32.** अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

(अ) जो मार्ग दिखाता हो -

(आ) जो ईश्वर को मानता हो -

(इ) जो महीने में एक बार होता है -

**33.** वाच्य बदलिए।

(अ) गीता ने किताब पढ़ी।

(आ) तुम पाठ सिखाओगे।

(इ) हमसे फल खरीदा जाएगा।

**34.** (अ) हरेक वाक्य में सर्वनाम को छाँटकर लिखिए।

(a) मैंने स्वयं ही कार्य पूरा कर लिया।

(b) तुम्हारा नाम क्या है ?

(c) जो करेगा, सो भरेगा।

**अथवा**

(आ) दिए गए शब्दों के कठिन शब्दार्थ लिखिए।

(a) परिधान

(b) मदद

(c) निर्धनता

## अंश - 3

**किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2x3=6**

Answer **any two** questions.

**35.** मिठाईवाला क्या कहकर अपना व्यापार करता है ?

**36.** बच्चों को क्यों सावित्री जुलूस देखने नहीं ले जाना चाहती थी ?

**37.** पर्व 'रक्षा बंधन' की विशेषता एवं महत्व पर पाँच वाक्य लिखिए।

https://www.tamilnaduboard.com

## भाग - IV
**(25 Marks)**

**सभी पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **5x5=25**
Answer **all the five** questions.

**38.** (अ) मैथिलीशरण गुप्त का कवि परिचय लिखिए।

**अथवा**

(आ) सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

माँगे घटत रहीम पद, कितौ करौ बड़ काम।
तीन पैग वसुधा धरी, तऊ बावनै नाम।।

**39.** कंठस्थ भाग :

(अ) जाको राखै ------------
------------ बैरी होय।।

**अथवा**

(आ) रहिमन विपदाहू ----------
------------- सब कोई।।

**40.** अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए।

Translate the following into English.

(अ) हैदर अली ने अपने सैनिकों को यूरोपिय ढंग से सैनिक शिक्षा देने के लिए फ्रांसीसियों को नियुक्त किया।
(आ) आज का बालक कल का नागरिक है।
(इ) गरीबी और भूख दोनों शापों को देश से हटाना चाहिए।
(ई) रेगिस्तान की यात्रा के लिए ऊँट उपयोगी होने के कारण उसे रेगिस्तानी जहाज कहते हैं।
(उ) रविन्द्रनाथ ठाकुर को श्रेष्ठ साहित्यिक रचना के लिए सन् 1913 को नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया।

**41.** गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सुकरात के जीवन का अंतिम समय करीब आ गया था। उसे प्राण दण्ड की आज्ञा के कारण विष का प्याला पीना पड़ा। अपनी जीवन यात्रा समाप्त करने से पहले उसने शिष्यों और मित्रों के सामने मृत्यु के बारे में एक सुंदर भाषण दिया। उसने कहा कि आत्मा का इस नश्वर शरीर से मुक्त होना ही मृत्यु कहलाता है। सुकरात ने भाषण देकर विष पिया तो उसके शिष्य और मित्र फूट-फूट कर रोने लगे। सुकरात ने कहा, ''क्या आपको मालूम नहीं कि मैंने अपनी पत्नी को यहाँ से दूर कर दिया, केवल इसलिए कि मैं शांति से मरना चाहता हूँ। आप भी रोये बिना अंतिम घड़ी तक मेरे साथ रहे, यही मेरी प्रार्थना है।''

(अ) सुकरात ने विष क्यों पिया ?
(आ) सुकरात के अनुसार मृत्यु क्या है ?
(इ) सुकरात ने अपनी पत्नी को क्यों यहाँ से दूर रखा ?
(ई) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

[ Turn over

https://www.tamilnaduboard.com

**42.** (अ) **सही** मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ओर | – | राम काम करता है। |
| (b) | सर्वज्ञ | – | स्थानवाचक क्रिया-विशेषण |
| (c) | चाँदी | – | गुणवाचक विशेषण |
| (d) | गोपाल लंबा है | – | जो सब कुछ जानता हो। |
| (e) | अकर्मक क्रिया | – | निश्चयवाचक सर्वनाम |
| | | – | द्रव्यवाचक संज्ञा |
| | | – | राम आता है। |

**अथवा**

(आ) **सही** मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | आज | – | समूहवाचक संज्ञा |
| (b) | चौथा वर्ग | – | जितना हो सके |
| (c) | गाय | – | स्थानवाचक क्रिया-विशेषण |
| (d) | कोई | – | संख्यावाचक विशेषण |
| (e) | यथासंभव | – | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| | | – | कालवाचक क्रिया-विशेषण |
| | | – | जातिवाचक संज्ञा |

## भाग - V
**(24 Marks)**

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Answer **all** the questions. **3x8=24**

**43.** (अ) 'ऐसे-ऐसे' एकांकी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) जीवन और शिक्षण पाठ का सारांश लिखिए।

**44.** (अ) कर्मवीर कविता का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) पाँचजन्य कविता का सारांश लिखिए।

**45.** (अ) ''हींगवाला'' कहानी का सारांश लिखिए।

**अथवा**

(आ) रक्षा-बंधन कहानी का सारांश लिखिए।

- o O o -

https://www.tamilnaduboard.com